# भारत डायनामिक्स लिमिटेड


**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सी सी /06 दिनांक : 8 नवंबर 2023

## प्रेस विज्ञप्ति

## बी डी एल ने सरकार को अंतिम लाभांश का भुगतान किया




भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने भारत सरकार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 16.479 करोड़ रूपये के अंतिम लाभांश का भुगतान किया है।

बीडीएल के सी एम डी, कमोडोर ए माधवाराव (से.नि.) ने भारत सरकार के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को बीडीएल में भारत सरकार की शेयरधारिता से संबंधित रु. 16,479 करोड़ का अंतिम लाभांश का चेक दिया।

बीडीएल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 10 रूपये प्रति ईक्विटी शेयर पर 1.20 रूपये का अंतिम लाभांश घोषित किया है। कंपनी द्वारा घोषित अंतिम लाभांश 183.28 करोड़ रूपये कंपनी द्वारा किये गये भुगतान, शेयर पूंजी का 12% है।

इससे पहले मार्च माह के दौरान भारत सरकार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए बी डी एल में भारत सरकार की शेयरधारिता से संबंधित प्रति शेयर रु. 8.15 के हिसाब से कुल रु. 111.92 करोड़ के अंतिरम लाभांश का भुगतान किया गया।

इस प्रकार बी डी एल ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार को रु. 128.40 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया।

इस अवसर पर शलभ त्यागी, संयुक्त सचिव (पी अण्ड सी), रक्षा मंत्रालय और एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त), बीडीएल भी उपस्थित रहे।

**----XXX---**